सराफा बाजार

इंदौर सोना-चांदी भाव

इन्दौर। सोमवार को विदेशी बाजारों की अगुवाई में स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :- चॉदी (9999) 59200, चॉदी (99) 59100, टंच 58300, सिक्का 750, सोना 10 ग्राम 52600।

साबु उत्पाद के भाव

साबुदानाः सच्चासाबु एगमार्क (1 किलो) 8670 प्रति क्विंटल सच्चासाबु एगमार्क (500 ग्राम) 8730 प्रति क्विंटल सच्चासाबु एगमार्क (200 ग्राम) 8930 प्रति क्विंटल सच्चासाबु खीरदाना (500 ग्राम) झ 8870 प्रति क्विंटल सच्चासाबु फूलदाना (500 ग्राम) 9000 प्रति क्विंटल सच्चासाबु चीनीदाना (500 ग्राम) - 8870 प्रति क्विंटल सच्चामोती एगमार्क(1 किलो) झ 8670 प्रति क्विंटल सच्चामोती एगमार्क(500 ग्राम) झ 8730 प्रति क्विंटल लूज कॉमन वैराटी (25 किलो) झ8100 प्रति क्विंटल शिवज्योति (1 किलो) झ 8400 प्रति क्विंटल शिवज्योति (500 ग्राम) झ8470 प्रति क्विंटल शिवज्योति कॉमन लूज (25 किलो) - 7840 प्रति क्विंटल साबुदाना -पापड़ः सच्चासाबु प्लेन पापड़ 480 ग्राम झ 1980 प्रति 12 किलो कार्टन सच्चासाबु साबु-जीरा पापड़ 100 ग्राम - 1300 प्रति 10 किलो कार्टन मीलेट : कुकरीजॉकी लिटिल मोरधन (500 ग्राम) झ 10970 प्रति क्विंटल।

सेंसेक्स 110 अंक चढ़ा निफ्टी 17,400 से ऊपर

मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच एमएंडएम, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी जैसे शेयरों में बढ़त के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को शुरूआती कारोबार में 110 अंक से अधिक बढ़ गया। सेंसेक्स हालांकि कमजोर रुख के साथ खुला, लेकिन शुरूआती सौदों में गिरावट की भरपाई करते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 111.88 अंक बढ़कर 58,499.81 पर पहुंच गया। व्यापक एनएसई निफ्टी 25.70 अंक बढ़कर 17,423.20 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में सबसे अधिक दो प्रतिशत की बढ़त महिंद्रा एंड महिंद्रा में हुई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और मारुति बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईसीआईसीआई बैंक में गिरावट हुई। बीएसई सेंसेक्स पर शुरूआती कारोबार में एसबीआई के अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एशियन पेंट, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टीसीएस, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी, आईटीसी, सन फॉर्मा, टाटा स्टील और एचयूएल के शेयरों में लाल निशान के साथ कारोबार हो रहा था। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सोमवार को सबसे ज्यादा 1.45 फीसदी का उछाल देखने को मिला. वहीं शुरूआती कारोबार में पावरग्रिड के शेयरों में 0.78 फीसदी, डॉक्टर रेड्डीज, टाइटन, भारती एयरटेल, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और विप्रो के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी के साथ कारोबार हो रहा था।

रेपो रेट बढ़ी तो बैंकों ने लोन पर ब्याज दरें बढ़ाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो रेट आधा फीसदी बढ़ाई थी। इसके बाद से ही बैंकों ने लोन पर ब्याज दरें बढ़ाना शुरू कर दिया है। रेपो रेट वह दर होती है, जिस पर बैंक आरबीआई से पैसा उधार लेते हैं। इसे प्रमुख ब्याज दर के नाम से भी जानते हैं। बैंकों के लिए आरबीआई से कर्ज महंगा हुआ तो उन्होंने ग्राहकों के लिए लोन पर ब्याज दरें बढ़ाना शुरू कर दिया। कई बैंकों में एक्सटर्नल बेंचमार्क के साथ लिंक होने के कारण रेपो रेट बढ़ते ही लोन पर ब्याज दरें बढ़ जाती हैं। जिन कर्जदाताओं ने अपनी दरों में बदलाव किया है, उनमें आईसीआईसीआई बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक शामिल हैं। इन बैंकों ने रेपो रेट से जुड़ी बाहरी बेंचमार्क दरों को समायोजित किया है। आईसीआईसीआई बैंक की वेबसाइट के अनुसार बाहरी बेंचमार्क उधार दर 9.1 फीसदी है। यह बैंक होम लोन पर 8.1 फीसदी ब्याज दर की भी पेशकश कर रहा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा में की ब्याज दरें: बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा है कि 6 अगस्त से एएए-रेटेड संस्थाओं के लिए रेपो-लिंक्ड लेंडिंग रेट के तहत सबसे कम दर 7.6 फीसदी होगी।

मांग के चलते तुअर में तेजी

इन्दौर (ईएमएस)। मांग के चलते सोमवार को अनाज मंडी में तुअर बाजार तेजी के रहे। चना मजबूती पर रहा। खाद्य तेलों में टिकाव रहा। तिलहनों में सरसों व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में नारियल छोटे मालों में सुर्खी रही। साबूदाने में ग्राहकी देखी गयी। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार तुअर में लेवाली रहने से बाजार पुनः ऊपर चले गये है, वहीं चना भी मजबूती पर बना रहा। खाद्य तेलों में सोया रिफाइंड मालों में तेजी रही। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। उधर, किराना जिंसों में नारियलों में लेवाली अच्छी रही, जबकि आवक 5 गाड़ी की ही रही। शकर में टिकाव रहा। भाव इस प्रकार रहे :-

किराना :-शकर 3630-3670, खोपरा गोला 180-202, खोपरा बूरा 2000-3500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 235-240, ऊंझा हल्का 247-252, मीडियम 258-265, बेस्ट 270-290, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 160-162, साबूदाना हल्का 6200-6300, मीडियम 6400-6500, बेस्ट 6600-6700, ग्लास 6500-7000, वरलक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 120-135, मीडियम 140-155, बेस्ट 168-178, सौंफ बारीक 190-210, कालीमिर्च एटम 540-545, गरबल 530-535, मटर दाना 565-590, खसखस अनक्लीन 625-975, क्लीन 1000-1225, दालचीनी 280-290, जायफल 725-750, वाद्यान फूल 770-825, शाहजीरा 330-350, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-380, बेस्ट 460-485, जावत्री 1950-2025, केसर 145-165, सौंठ 185-280, धोली मूसली 925-1000, लौंग 650-680, बेस्ट 690-730, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा छोटा 170-210, बड़ा 250-300, सिंदूर 6600, देशी कपूर 960-975, पूजा बादाम 65-75, बेस्ट 155-165, पूजा सुपारी 440, अरीठा 140, हरि इलायची शंकर 1000-1250, मीडियम 1300-1350, बोल्ड 1300-1350, एक्ट्रा बोल्ड 1400-1500, पानबार 825-950, बड़ी इलायची 725-850, बोल्ड 875-925, तरबूज मगज 280-285, काजू (240) 790-835, काजू (320) 700-725, काजू डब्ल्यू वन 675-690, एस. डब्ल्यू (300) 675-690, एस.एस. डब्ल्यू 650-660, काजू जे.एच. 700-715, टुकड़ी 675-680, बादाम मगज 675-730, सिंगापुरी 630-645, अखरोट 385-600, किशमिश कंधारी 350-450, बेस्ट 500-550, इंडियन 180-190, बेस्ट 220-245, चारौली 1050, बेस्ट

1150, मुनक्का 375-550, बेस्ट 575-700, अंजीर 650-1150, मखाना 430-700, बेस्ट 750-800, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1750-1820, बेस्ट 1850-1875, गेहूँ आटा 1380, मैदा कट्टा 1500, रवा कट्टा 1530, बेसन 3400 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1750-1800, (160) 2000-2050, (200) 2250-2300, (250) 2550-2600।

तेल :-सींगदाना 1630-1650, मुम्बई 1630-1640, राजकोट तेलिया 2550, सोया साल्वेंट 1230-1235, सोया रिफाइंड 1260-1265, कपास्या 1405, धूलिया 1410, कड़ी 1410।

रात की धारणा :-गुजरात लुज 1600, मुम्बई पाम 1235, मुम्बई सोया 1240-45, मुम्बई मूंगफली तेल 1625-1630।

खली :-कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2225, देवास-उज्जैन 2225, खंडवा-बुरहानपुर 2200, अकोला 3100 (प्रति क्विंटल)।

तिलहन :-सरसो 5800-6000, रायडा 5700-5900, सोयाबीन 5800-6060, टोली 4100-4150, अलसी 7500-7600।

दलहन :-चना कांटेवाला बेस्ट 5000-5025, एवरेज 4700-4800, विशाल 4550-4650, देशी 5300-5350, चना डॉलर 8500-8900, मसूर बेस्ट 6600-6650, एवरेज 6500-6650, मूंग देशी 6200-6300, पाला 6300-6400, चमकी 6500-6600, नायलोन 6600-6700, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7900-8000, एवरेज 7700-7800, हल्की 7500-7600, तुअर महाराष्ट्र 8000-8300, उड़द बेस्ट 7900-8000, एवरेज 7700-7800, हल्की 7300-7400, शंकर 7500-7600।

दाल :-चना दाल एवरेज 6200-6400, बेस्ट 6500-6700, तुअर दाल सवा नं. 10300-10400, तुअर दाल फूल 10500-10700, तुअर दाल बेस्ट 11000-11700, मसूर दाल 7800-7900, बेस्ट 8100-8200, मूंग दाल 8700-8800, बोल्ड 8900-9000, मूंग मोगर 9050-9200, बेस्ट 9250-9350, उड़द दाल 9200-9500, मोगर 10000-10300।

अनाज :-गेहूं मिल क्वालिटी 2075-2100, (147) 2100-2150, बेस्ट 2150-2200, लोकवन 2300-2400, बेस्ट 2500-2550, चन्द्रोसी 2700-3100, ज्वार देशी 2400-2450, सी.एच. 5 1800-1850, मक्का पीली 2320-2350, गज्जर 2000-2100।

चावल :- चावल हंसा सफेद 2450-2500, सेला 2500-2675, परमल 2550-2700, दुबराज 3500-4500, राजभोग 6800-7000, काली मुंछ 7500-8000, बासमती दुबार 7500-8000, मीनी दुबार 6500-7500, मोगरा 4000-6000, तिबार 8500-9500, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4200-4600।

मावा :- इन्दौर 340, उज्जैन 300, रतलाम सफेद 310 व पीला 290 रू. प्रति किलो।

पेटीएम के शेयर में 6% से ज्यादा की तेजी रही

बीते 3 महीने में 62% चढ़ा शेयर

नई दिल्ली। आज हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को पेटीएम की पैरेंट फर्म वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में शानदार तेजी देखने को मिल रही है। आज इसके शेयर 50.70 रुपए (6.46%) चढ़कर 835 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं कंपनी का मार्केट कैपिटल 53,675 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

3 महीने में 62% चढ़ा शेयर- 12 मई को ये 515.50 रुपए पर जो अब 835 रुपए पर पहुंच गया है। यानी 3 महीनें में ही पेटीएम के शेयर 62% की तेजी देखी गई है। वहीं बीते

1 महीने में ये 125.40 रुपए यानी 17.67% चढ़ा है।

इश्यू प्राइस से काफी पीछे-अगर इसके IPO से लेकर अब तक की बात करें तो ये अभी भी काफी पीछे है। पिछले साल नवंबर में जब पेटीएम का IPO आया था तब इसके IPO का इश्यू प्राइस 2150 रुपए था। यानी ये अभी भी अपने इश्यू प्राइस से 1315 रुपए नीचे है। वहीं, पेटीएम का ऑल टाइम हाई 1,955 रुपए है।

एक्सपर्ट्स की मिली जुली राय-CLSA और JM फाइनेंशियल ने इन्वेस्टर्स पेटीएम के शेयर बेचने की सलाह दी है। CLSA का कहना है कि यह शेयर 650 रुपए तक गिर सकता है। इसलिए निवेशकों को इसे बेचकर अपना पैसा निकाल लेना चाहिए।

वहीं दूसरी और ICICI सिक्युरिटीज ने पेटीएम के शेयर पर खरीदाने की सलाह दी है। ब्रोकरेज ने शेयर पर 1285 रुपए का टारगेट दिया है।

डीपी आभूषण लिमिटेड ने मजबूत वित्तीय परिणाम घोषित किए

इंदौर। डी.पी. आभूषण लिमिटेड ने पिछले वित्तीय वर्ष की समान तिमाही की तुलना में दक ऋ 2022-23 के लिए कुल राजस्व में 147 % और कर के बाद अपने शुद्ध लाभ में 203 % की वृद्धि दर्ज की है । कंपनी का पीएटी मार्जिन पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही की तुलना में 32 % बढ़ा है । 30 जुन 2022 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी का कुल राजस्व रु 433 करोड़ रहा जो की पिछले वित्तीय वर्ष की सामान तिमाही में रु . 175 करोड़ था । इसी प्रकार , 30 जून , 2022 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ रु 12.92 करोड़ रहा , जो की पिछले वित्तीय वर्ष की सामान तिमाही में रु . 4.26 करोड़ था डी.पी आभुषण लिमिटेड सिर्फ एक कंपनी नहीं है , यह वर्तमान में चौथी पीढ़ी के प्रमोटरों के हाथों में 80 साल से अधिक पुरानी विरासत है जो ग्राहकों की संतुष्टि और उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हैं । कंपनी के राजस्थान और मध्य प्रदेश के 8 शहरों में शोरूम हैं और आने वाले समय में मध्य भारत में अपने पदचिह्न का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

गोदरेज प्रॉपर्टीज नई परियोजनाएं शुरू करेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। गोदरेज समूह की रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) चालू वित्त वर्ष में करीब 15,000 करोड़ रुपए मूल्य की नई आवासीय परियोजनाएं शुरू करने पर विचार कर रही है। जीपीएल के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि कंपनी ने जमीन की खरीद और भूस्वामियों के साथ संयुक्त उद्यम के तरीके अपनाए हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आवासीय इकाइयों की बुकिंग के आंकड़े ठोस रहे हैं। अप्रैल-जून तिमाही में बिक्री बुकिंग पांच गुना से भी अधिक बढ़कर करीब 2,520 करोड़ रुपए हो गई जो अब तक का सर्वोच्च तिमाही आंकड़ा है। पिरोजशा ने उम्मीद जताई कि वित्त वर्ष 2022-23 की बाकी तिमाहियों में भी दमदार बुकिंग का यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आवासीय ऋण पर ब्याज दरें बढ़ने और घरों की कीमतें बढ़ने के बावजूद नई बुकिंग में तेजी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमने इस वित्त वर्ष के लिए 10,000 करोड़ रुपए मूल्य की बुकिंग का लक्ष्य रखा हुआ था। उसका 25 फीसदी हिस्सा हम पहली तिमाही में ही हासिल कर चुके हैं।

टाइटन के शेयर 2% तक उछले

पहली तिमाही में हुआ 793 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। बीते शुक्रवार को टाइटन की ओर से साल की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए गए। इसके अनुसार कंपनी के मुनाफे में पिछले साल की तुलना में 13 गुना की वृद्धि दर्ज की गई। जून महीने में खत्म हुई तिमाही में कंपनी ने 793 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है।

राकेश झुनझुनवाला के निवेश वाली टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयरों में सोमवार को शुरूआती कारोबार में दो फीसदी तक की बढ़त देखने को मिली। इससे पहले कंपनी ने साल की पहली तिमाही के मजबूत आंकड़े जारी किए। सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सजेंस पर कंपनी के शेयरों ने 2474.95 रुपये का हाई लेवल छुआ।

बता दें कि बीते शुक्रवार को टाइटन की ओर से साल की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए गए। इसके अनुसार कंपनी के मुनाफे में पिछले साल की तुलना में 13 गुना की वृद्धि दर्ज की गई। जून महीने में खत्म हुई तिमाही में कंपनी ने 793 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा महज 61 करोड़ रुपये रहा था।

बता दें कि भारत के वॉरेन बफे समझे वाले दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला और उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला ने टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन में 5.05% की हिस्सादारी ले रखी है। बाजार के जानकारों के अनुसार इन शेयरों का मार्केट वैल्यू तकरीबन 10,911.30 करोड़ रुपये है। बीते दिनों करीब 31 टेक्नीकल एनालिस्ट टाइटन के शेयरों की खरीदारी की सलाह दे रहे हैं।

कारोबार

25 फीसदी तक महंगी हुई राखियां,कुल लागत करीब 30 फीसदी बढ़ी

राखी का कारोबार 6000 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान

पिछले साल 3,500 से 4,500 करोड़ रुपये की राखियों का करोबार हुआ था। इस वर्ष ये आंकड़ा बढ़कर 5,000 से 6,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। राखी बनाने वालों का कहना है कि कुल लागत करीब 30 फीसदी बढ़ी है, मगर दाम 20 से 25 फीसदी ही बढ़ाए गए हैं।

नई दिल्ली। राखी व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि कोरोना की वजह से पिछले दो साल राखी कारोबार के लिए ठीक नहीं रहे, लेकिन इस साल कोरोना का डर खत्म होने पर खुदरा कारोबारियों ने खूब राखियां खरीदी हैं।

रक्षाबंधन का त्योहार आ गया है। वैसे-वैसे देश के प्रमुख बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। कोरोना काल के दो साल बाद इस बार लोगों में रक्षाबंधन को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ है। पिछले दो साल से लड़खड़या राखी का कारोबार अब इस महामारी से पूरी तरह से उबर चुका है। इस साल व्यापार कोरोना के पहले के मुकाबले बढ़ा हुआ दिख रहा है। हालांकि कच्चा माल महंगा होने से इस साल बाजारों में राखियां महंगी जरूर हैं, लेकिन बिक्री पिछले साल से ज्यादा है। राखी के व्यापार से जुड़े कारोबारियों के मुताबिक, पिछले साल 3,500 से 4,500 करोड़ रुपये की राखियों का करोबार हुआ था। इस वर्ष ये आंकड़ा बढ़कर 5,000 से 6,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। राखी बनाने वालों का कहना है कि कुल लागत करीब 30 फीसदी बढ़ी है, मगर दाम 20 से 25 फीसदी ही बढ़ाए गए हैं। इससे मुनाफा घट गया है।

ईविल राखी की मार्केट में खूब है मांग-इस साल बाजार में किस्म-किस्म की राखियां नजर आ रही हैं। ईविल आई यानी नजरबट्टू राखी की खूब मांग है। ये राखियां 10 से 50 रुपये में मिल रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि भले ही लागत बढ़ने से राखियां महंगी हों, लेकिन कारोबार पिछले साल की तुलना में 20 से 25 फीसदी बढ़ सकता है। हालांकि इस इस साल राखी निमार्ताओं पर बढ़ती लागत का भी बोझ पड़ा है। मोती, धागे, मनके से लेकर पैकेजिंग मैटेरियल तक के दाम काफी बढ़ गए हैं।

इन वजह से बढ़े राखियों के दाम-पैकेजिंग वाले बॉक्स के दाम 50 रुपये से बढ़कर 70 रुपये हो गए हैं। राखी की प्रिंटिंग भी 25 फीसदी महंगी हुई है। राखी बनाने में इस्तेमाल होने वाली पन्नी 300 से 400 रुपये से बढ़कर 400 से 450 रुपये में मिल रही है। जिससे राखी की लागत भी 3 से 5 रुपये बढ़ गई है। मोती गुणवत्ता के हिसाब से 300 से 2,500 रुपए किलो मिल रहे हैं।

न्यूगो ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक इंटर-सिटी कोच सर्विसेस शुरू की

इंदौर। भारत के पहले प्रीमियम इलेक्ट्रिक इंटर-सिटी कोच सर्विसेस ब्रांड, न्यूगो ने सोमवार को भोपाल-इंदौर रूट पर अपनी सेवाएं शुरू करते हुए इसके ऑपरेशंस शुरू करने की घोषणा की। नए दौर के ट्रैवेलर के उद्देश्य से, ग्रीनसेल मोबिलिटी का प्रमुख इंटर-सिटी पैन इंडियन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कोच ब्रांड, न्यूगो, एक सुरक्षित और ग्रीनर राइड सुनिश्चित करते हुए इंटर-सिटी ट्रैवलर्स के लिए एक सहज बुकिंग एक्सपीरिएंस, बेहतरीन राइड क्वालिटी और इन-केबिन एक्सपीरिएंस देगा। न्यूगो सर्विसेस भोपाल-इंदौर रूट पर 349 रुपये/प्रति सीट के स्पेशल उद्घाटन ऑफर पर उपलब्ध होगी। न्यूगो कोच्स को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी से लैस किया गया है। भोपाल-इंदौर के बीच प्रति घंटे के आधार पर चलाए जा रहे कोच्स के साथ इंटर-सिटी ट्रैवेलर्स के लिए एंड टू एंड सुविधा ऑफर करते हैं। भोपाल में कोच्स का रूट आईएसबीटी, भोपाल रेलवे स्टेशन, लालघाटी, सीहोर हो कर गुजरेगा, जबकि इंदौर में ये स्टार स्क्वायर, रेडिसन स्क्वायर, विजय नगर और सरवटे बस स्टैंड से होकर जाएगा। एक कस्टमर सेंट्रिक ब्रांड, न्यूगो कोच मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्शन सहित 25 कड़े सुरक्षा जांच से गुजरते हैं।

एमेजॉन इंडिया ने मिलिटरी टेलेंट पूल वेबसाइट लॉन्च किया

मुंबई। एमेजॉन इंडिया ने गर्व के साथ एक समर्पित मिलिटरी टेलेंट पूल वेबसाईट के लॉन्च की घोषणा की। यह वेबसाईट पूर्व सैनिकों और नौकरी बदलने के इच्छुक सैन्य कर्मियों के लिए बनाई गई है। इस वेबसाईट के द्वारा वो एमेजॉन इंडिया में काम करने के अवसर तलाश पाएंगे। नौकरी बदलने के इच्छुक सेनाकर्मी, पूर्व सैनिक, रिजर्व पुलिस बल, या सैनिकों के जीवनसाथी आदि मिलिटरी समुदाय के सदस्य एमेजॉन इंडिया के साथ जुड़कर रियल-वर्ल्ड की कॉम्प्लेक्स टेक्निकल एवं बिजनेसप्रॉब्लम्स हल करने के अनेक अवसर प्राप्त कर सकते हैं। एमेजॉन इंडिया ने साल 2019 में मिलिटरी वेटरंस एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम का लॉन्च किया। यह प्रोग्राम मिलिटरी वेटरंस को काम के अवसर प्रदान करता है। सशस्त्र सेनाओं के वेटरंस संगठन की एक बहुमूल्य संपत्ति होते हैं, जिनके पास विस्तृत ज्ञान एवं कौशल होता है।

सैमसंग 10 अगस्त को नए फोल्डेबल फोन लॉन्च करेगी

मुंबई। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 10 अगस्त को बैंगलुरू में सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित हो रही गैलेक्सी अनपैक्ड ईवेंट में अपने फोल्डेबल स्मार्टफोंस की अगली जनरेशन का अनावरण कर रहा है। ग्राहक अरली एक्सेस पाने के लिए अगले गैलेक्सी स्मार्टफोन इस ईवेंट से पहले ही प्रि-रिजर्व करा सकते हैं। अगला गैलेक्सी स्मार्टफोन प्रि-रिजर्व कराने के लिए ग्राहकों को सैमसंग.कॉम पर या सैमसंग एक्सक्लुसिव स्टोर पर 1,999 रु. की टोकन राशि जमा करनी होगी। अगले गैलेक्सी स्मार्टफोन प्रि-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को डिवाईस की डिलीवरी के बाद 5,000 रु. मूल्य के अतिरिक्त बेनेफिट्स मिलेंगे।

1800 रुपए से कम में आई गिजमोर की शानदार स्मार्टवॉच

नई दिल्ली। इंडियन कंपनी गिजमोर (Gizmore) यूजर्स के लिए बजट सेगमेंट में नई स्मार्टवॉच- Gizfit Ultra लेकर आई है। लॉन्च ऑफर के तहत कंपनी यह वॉच 1,799 रुपये में खरीदने का मौका दे रही है। ऑफर के बाद इस स्मार्टवॉच की कीमत 2,699 रुपये हो जाएगी। गिजफिट अल्ट्रा की सेल शुरू हो चुकी है। ग्रे, बगंडी और ब्लैक कलर ऑप्शन में आने वाली इस वॉच को आप फ्लिपकार्ट से खरीद सकते हैं। 15 दिन तक की बैटरी लाइफ वाली इस स्मार्टवॉच में कई जरूरी हेल्थ और फिटनेस मोड दिए गए हैं। गिजमोर की इस स्मार्टवॉच में आपको 240x280 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ 1.69 इंच का 2.5D एचडी कर्व्ड IPS LCD मिलेगा। फुल टच कंट्रोल वाली इस स्मार्टवॉच का पीक ब्राइटनेस लेवल 500 निट्स है।

OnePlus के 5G फोन पर 5 हजार रुपए का फ्लैट डिस्काउंट

,नई दिल्ली। वनप्लस (OnePlus) पिछले कुछ दिनों से अपने स्मार्टफोन्स पर शानदार ऑफर और डिस्काउंट दे रहा है। इसी कड़ी में अब कंपनी 12GB रैम वाले अपने दमदार स्मार्टफोन OnePlus Nord 2T 5G को 5 हजार रुपये के फ्लैट डिस्काउंट के साथ खरीदने का मौका दे रही है। इसमें SBI कार्ड से पेमेंट करने पर मिलने वाला 2 हजार रुपये का फ्लैट डिस्काउंट और 3 हजार रुपये का एक्सचेंज बोनस शामिल है। इस ऑफर के तहत आप वनप्लस नॉर्ड 2T को अमेजन इंडिया की ग्रेट फ्रीडम सेल में डील ऑफ द डे में खरीद सकते हैं।

रॉयल एनफील्ड की हंटर 350 लॉन्च

नई दिल्ली। रॉयल एनफील्ड हंटर 350 आखिरकार भारत में लॉन्च हो गई है। इसे तीन वेरिएंट- रेट्रो, मेट्रो और मेट्रो रेबेल में पेश किया गया है, इसकी कीमत 1.49 लाख रुपये, लाख रुपये से 1.68 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक है। यह कंपनी की सबसे सस्ती और सबसे छोटी मोटरसाइकिल है। नई रॉयल एनफील्ड बाइक में 349cc, सिंगल-सिलेंडर, 4-स्ट्रोक एयर-ऑयल कूल्ड इंजन है जो फ्यूल इंजेक्शन टेक्नोलॉजी से लैस है। इसका 5-स्पीड गियरबॉक्स वाला इंजन 6100rpm पर 20.2bhp की पावर और 4,000rpm पर 27ठे का अधिकतम टॉर्क जनरेट करता है। हंटर 350 की टॉप स्पीड 114kmph है। आरई हंटर 350 भारत में छोटी रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल है, जिसका व्हीलबेस 1370mm लंबा है, जो Meteor और Classic 350 से छोटा है।